प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

28.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- देशभर में आज रोजगार मेले का आयोजन–51 हजार से अधिक युवाओं को सौंपे गए नियुक्ति पत्र–हिमाचल में भी 3 सौ 59 युवाओं को मिली सरकारी नौकरी।
- प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश में लगभग 2 सौ 50 करोड़ रूपए की विकास परियोजनाओं के किए उदघाटन व शिलान्यास।
- मुख्यमंत्री ने बिलासपुर में राज्य की पहली डिजिटल लाईब्रेरी के अलावा गोविंदसागर झील में जलक्रीड़ा गतिविधियों का किया शुभारम्भ।
- धनतेरस पर प्रदेश के बाजारों में उमड़ी लोगों की भीड़–आभूषणों सहित अन्य वस्तुओं की जमकर की खरीददारी।

प्रधानमंत्री रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये हैं और अंतरिक्ष से लेकर विद्युत वाहन में नई प्रौद्योगिकी सहित प्रत्येक क्षेत्र में मेक–इन–इंडिया को बढ़ावा दिया है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक नव–नियुक्त युवाओं को वर्चुअल माध्यम से नियुक्ति पत्र सौंपे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को अधिकतम रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

शिमला–रोजगार मेला

इधर शिमला में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया। केन्द्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर 3 सौ 59 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता

डिस्पैच प्रदेश में डाक विभाग, सीमा सुरक्षा बल, बैंक, विज्ञान व टैक्नोलॉजी और एस.जे.वी.एन.एल. सहित अन्य संस्थानों को आज 3 सौ 59 नए कर्मचारी मिल गए हैं। केन्द्र सरकार ने दीपावली से पहले इन्हें एक बड़ा तोहफा दिया है। केन्द्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में हुये राज्य स्तरीय रोज़गार मेले में इन युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। उन्होंने नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं से नए संकल्प के साथ राष्ट्र सेवा में जुटने का आहवान किया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि ये नियुक्ति पत्र युवाओं को रोजगार से जोड़ने की केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता

को दर्शाते हैं। नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं ने केन्द्र सरकार का आभार जताया और कहा कि एक ओर जहां दुनिया के कई देश आर्थिक मंदी की मार झेल रहे हैं वहीं भारत सरकार युवाओं को रोज़गार देकर सराहनीय कार्य कर रही है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप से मौजूद रहे। रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।

औद्योगिक प्लांट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रदेश में वर्चुअल माध्यम से लगभग 2 सौ 50 करोड़ रूपए की विकास परियोजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने सोलन ज़िले में नालागढ़ के प्लासड़ा में बल्क ड्रग यूनिट का शुभारम्भ किया। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस यूनिट में लगभग एक हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। सांसद सुरेश कश्यप, हर्षमहाजन और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित अन्य लोग इस मौके मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से एम्स बिलासपुर में एक सौ 78 करोड़ रूपए की विभिन्न यूनिट का शिलान्यास किया। इस मौके पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा भी मौजूद रहे। नरेन्द्र मोदी ने नागरिक अस्पताल मनाली और चम्बा मैडिकल कॉलेज में 50—50 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक की आधारशिला भी रखी। इन दोनों ब्लॉक के निर्माण पर लगभग 35 करोड़ रूपए खर्च होंगे। इस बीच केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर सहित अन्य सांसदों व भाजपा नेताओं ने प्रदेश को सैंकड़ों करोड़ रूपए की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान विकसित किए जाएंगे, जिनमें मशीनरी व उपकरणों की व्यवस्था के लिए एक—एक करोड़ रूपये उपलब्ध करवाए गए हैं। उन्होंने आज धर्मशाला में मोबाईल क्लीनिक बस सेवा को हरी झण्डी दिखाई। मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में कैजुअल्टी विभाग को स्तरोन्नत कर आपातकालीन मैडिसन विभाग बनाए जा रहे हैं और कैंसर मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इन्हें आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए राज्य कैंसर संस्थान के रूप में स्थापित किया जा रहा है।

सुक्खू

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज बिलासपुर में राज्य की पहली डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इसमें विभिन्न प्रकार की लगभग अढ़ाई हज़ार पुस्तकें रखी गई हैं, जिनमें ऑफ लाइन माध्यम से पहली से 12वीं कक्षा तक की एनसीईआरटी और सीबीएसई की पुस्तकें शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने एक करोड़ 67 लाख रूपये से बने सतर्कता व भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बिलासपुर के नए भवन का उद्घाटन भी किया।

बाद में मुख्यमंत्री ने गोविंद सागर झील में जलक्रीड़ा गतिविधियों का शुभारम्भ भी किया। इनमें क्रूज, शिकारा राईड, हाउस बोट, हाई—टेक मोटरबोट, जेट स्कीज़ और वॉटर स्कूटर जैसी गतिविधियां

शामिल हैं। उन्होंने कहा कि साहसिक गतिविधियों के कारण बिलासपुर पर्यटन मानचित्र पर अपनी एक विशेष पहचान बना रहा है।

धनतेरस/आयुर्वेद दिवस

आज धनवन्तरि जयंती है। इसे धनतेरस के रूप में भी मनाया जाता है। धन की देवी लक्ष्मी की पूजा और पांच दिन तक चलने वाला दीपोत्स्व आज से ही आरंभ हो जाता है। धनवन्तरि को आयुर्वेद का जनक माना जाता है। शिमला सहित प्रदेश के बाजारों में धरतेरस पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और उन्होंने सोने–चांदी की वस्तुओं के अलावा बर्तनों की जमकर खरीददारी की। लोगों ने कहा कि धनतेरस पर आभूषणों की खरीद करना शुभ माना जाता है।

रन फॉर यूनिटी

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज सुबह नई दिल्ली में मेजर ध्यान चन्दा राष्ट्रीय स्टेडियम से रन फॉर यूनिटी को झण्डी दिखाकर रवाना किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में इस दौड़ का आयोजन किया जाता है और 31 अक्तूबर को दीपावली को देखते हुये सरकार ने इस दौड़ को आज ही करवाने का निर्णय लिया था।

इधर प्रदेश भर में भी रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया। भाजपा द्वारा आयोजित रन फॉर यूनिटी में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

केवाईसी

राज्य सरकार ने आधार नम्बर को राशन कार्ड से जोड़ने, ई–के.वाई.सी और मोबाइल नम्बर अपडेट करने की तिथि 31 दिसम्बर तक बढ़ा दी है। खाद्य आपूर्ति विभाग के निदेशक रामकुमार गौतम ने बताया कि राशन वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ताओं के राशन कार्डों में उनकी आधार संख्या पंजीकृत की जा रही है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपनी नजदीकी उचित मूल्य की दुकान या लोक मित्र केन्द्र पर जाकर ई–के.वाई.सी करवाने की अपील की है।

मुख्य समाचार एक बार फिर’

- देशभर में आज रोजगार मेले का आयोजन–51 हजार से अधिक युवाओं को सौंपे गए नियुक्ति पत्र–हिमाचल में भी 3 सौ 59 युवाओं को मिली सरकारी नौकरी।
- प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश में लगभग 2 सौ 50 करोड़ रूपए की विकास परियोजनाओं के किए उदघाटन व शिलान्यास।
- मुख्यमंत्री ने बिलासपुर में राज्य की पहली डिजिटल लाईब्रेरी के अलावा गोविंदसागर झील में जलक्रीड़ा गतिविधियों का किया शुभारम्भ।
- धनतेरस पर प्रदेश के बाजारों में उमड़ी लोगों की भीड़–आभूषणों सहित अन्य वस्तुओं की जमकर की खरीददारी।